प्रेस वार्ता संपन्न हुई देवास

आयोजित नवरात्रि महोत्सव के तत्वधान में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अंतरराष्टीय ख्याति प्राप्त भागवताचार्य ब्रज रत्ने वंदना श्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए आपने कहा कि आध्यात्मिक ही एक ऐसी शक्ति है जो विश्व में शांति कायम कर सकती है हमारा सनातन ही हमारी शक्ति है।

23 मार्च से 29 मार्च तक गोकुल गार्डन में प्रतिदिन दोपहर 3:00 से 6:00 बजे तक अंतरराष्टीय ख्याति प्राप्त ब्रिज रत्न वंदना श्री मथुरा द्वारा संगीत एवं दृश्य में श्रीमद् भागवत कथा का सुंदर वर्णन होने जा रहा है साथ ही 30 मार्च को श्री नर्मदा पुराण का आयोजन होगा कथा पंडाल में श्रोताओं के लिए पृथक पृथक व्यवस्था की है साथ ही मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों को एवं भक्तों के लिए भी दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है प्रेस वार्ता में मुख्य आयोजक मनु लाल गर्ग, अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल दीपक गर्ग देव कृष्ण व्यास रमन शर्मा चेतन उपाध्याय जी सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

कथा संयोजक रायसिंह सेंधव ने प्रेस वार्ता में कहा कि वर्ष 2022 गर्ग परिवार के लिए बड़ा ही दुख एवं शौक में रहा है अपार धार्मिक भावना रखने वाली हमारे मनु लाल गर्ग की धर्मपत्नी श्रवण कुमार जैसे पुत्र दीपक गर्ग की माताजी सुशीला देवी गर्ग का देवलोक गमन होना साथ ही केला देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष परिवार के बड़े दामाद बृजमोहन अग्रवाल का आकस्मिक निधन होना गर्ग परिवार के साथ हम सबके लिए शोक का विषय रहा है उसके बावजूद भी गर्ग परिवार द्वारा मंदिर की धार्मिक अनुष्ठान परंपरा को यथावत रखना उनकी आस्था और निष्ठा का प्रतीक है